यूपी के विकास को रफ्तार योगी के दो दिन के सिंगापुर दौरे में यूपी को कई बड़ी कंपनियों से निवेश के प्रस्ताव मिले। कई एमओयू भी हुए। इसके अलावा कानपुर में एलिवेटेड रोड और तीन जिलों में छह पुल बनाने की मंजूरी से प्रदेश के विकास को और रफ्तार मिलेगी

1 लाख करोड़ के प्रस्ताव, 60 हज़ार करोड़ के MoU: योगी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय सिंगापुर दौरे के दौरान यूपी को करीब एक लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। योगी ने मंगलवार को बताया कि इन प्रस्तावों में से 60,000 करोड़ रुपये के एमओयू हो चुके हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निवेश प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। सिंगापुर में मीडिया से रूबरू योगी ने कहा कि बीते नौ वर्षों में देश और प्रदेश ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स, सर्विस सेक्टर और जन-कल्याण के क्षेत्रों में तेज गति से विकास किया है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जेवर स्थित नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के पास एक डेडिकेटेड 'सिंगापुर सिटी' विकसित करने की योजना प्रस्तुत की है। सिंगापुर के निवेशक अगर एनसीआर क्षेत्र में आना चाहते है तो उनके लिए विशेष रूप से नियोजित सिंगापुर सिटी की अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए यमुना एक्सप्रेसवे के आसपास भूमि की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को आमंत्रित करते हुए कहा कि प्रदेश में उनका निवेश पूरी तरह सुरक्षित रहेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले दो दिनों में उन्होंने 100 से अधिक प्रतिनिधियों से भेंट की है। सिंगापुर के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपप्रधानमंत्री, गृहमंत्री और ऊर्जा मंत्री के साथ भी उनकी सकारात्मक व सार्थक वार्ता हुई। इसके अतिरिक्त प्रमुख फिनटेक कंपनियों के अध्यक्ष व सीईओ के साथ भी बैठक हुई।

सिंगापुर दौरे के दूसरे दिन भी कई बड़ी कंपनियों से समझौते

यह निवेश प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। *–योगी आदित्यनाथ*

सिंगापुर में सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में जेवर एयरपोर्ट पर कार्गो कॉम्प्लेक्स और एयर केटरिंग फैसिलिटी के लिए AI सैट्स और प्रदेश सरकार के बीच MoU हुआ।

जेवर एयरपोर्ट पर दो प्रॉजेक्ट लगाएगी AI सैट्स

योगी की मौजूदगी में मंगलवार को एविएशन सर्विस सेक्टर की अग्रणी कंपनी एआई सैट्स (AISATS) ने यूपी सरकार के साथ 4,458 करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया। समझौते के तहत कंपनी जेवर में नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर दो प्रमुख परियोजनाएं स्थापित करेगी। एक अत्याधुनिक कार्गो कैंपस और दूसरा विश्वस्तरीय एयर कैटरिंग किचेन। इसके अलावा कई अन्य कंपनियों के साथ भी निवेश संबंधी प्रस्तावों पर औपचारिक रूप से एमओयू हुए।

पेज-2

ये करार भी हुए

- ब्लू प्लैनेट यूपी में इंटीग्रेटेड वेस्ट मैनेजमेंट परियोजनाएं लगाएगी।
- एसी एविएशन के साथ एनआरओ तथा हेलिकॉप्टर पार्ट्स मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एमओयू।
- गायत्री चेन एफएनबी ऐंड एसोसिएट्स कैटरिंग व आतिथ्य क्षेत्र में करेगी निवेश।
- केएलके वेंचर्स राज्य में सोलर पैनल निर्माण इकाई स्थापित करेगी।
- इश्तारा जूलरी ऐंड मइस्त्रो प्रॉडक्शंस जूलरी और क्रिएटिव/मीडिया प्रॉडक्शन सेक्टर में निवेश करेगी।

कानपुर में एलिवेटेड रोड और फर्रुखाबाद, मैनपुरी व शाहजहांपुर में छह पुलों को हरी झंडी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** कानपुर में रमादेवी से गोल चौराहा तक 10.16 किमी लंबी एलिवेटेड रोड का रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इस प्रॉजेक्ट को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उम्मीद है कि इसका निर्माण होने के बाद रमादेवी से गोल चौराहे के बीच जगह-जगह लगने वाले ट्रैफिक जाम से लोगों को राहत मिलेगी। गडकरी ने मैनपुरी, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए काली नदी, गंगा नदी और राम गंगा पर तीन बड़े और तीन छोटे पुलों को मंजूरी देने का भी ऐलान किया।

1741 करोड़ का बजट मंजूर किया केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने

कानपुर में रमादेवी से गोल चौराहे के बीच 16 रेलवे क्रॉसिंग हैं। दिन में इनमें से ज्यादातर क्रॉसिंग कई बार बंद होती हैं। इसके चलते इस रूट पर करीब 10 किमी का सफर तय करने में घंटों लग जाते है। लेकिन एलिवेटेड रोड बनने से इस रूट पर बिना रुके सफर संभव हो सकेगा। प्रॉजेक्ट पर 988 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसके साथ ही मैनपुरी, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर में काली नदी, गंगा नदी और राम गंगा पर पुलों के लिए ₹753 करोड़ का बजट मंजूर हुआ है। गडकरी के मुताबिक इनका निर्माण होने से इन जिलों और इनके आसपास पर्यटन बेहतर होगा। बौद्ध तीर्थयात्रियों के लिए संकिसा, कांवड़ यात्रा के लिए पंचालघाट और रामनगरिया मेले, भिंड-लिपुलेख कॉरिडोर पर श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी। इसके साथ ही इंडस्ट्रियल और बिजनेस ग्रोथ भी होगी।